जागरण

प्रभातफेरी निकाल कर खानपान के लिए किया जागरूक

Tue, 25 Dec 2018

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर जिले में पहुंची स्वस्थ भारत यात्रा की ओर से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। राइफल क्लब से निकली इस प्रभात

जासं, गाजीपुर : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर जिले में पहुंची स्वस्थ भारत यात्रा की ओर से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। राइफल क्लब से निकली इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। रैली रोडवेज स्थित मैरिज हाल में पहुंच कर गोष्ठी में परिवर्तित हो गई जहां बच्चों को खानपान में जागरुकता संबंधी जानकारी दी गई।

प्रभात फेरी को मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सम्मलित सभी प्रतिभागियों ने चीनी, तेल, नमक, थोड़ा कम का नारा लगाते हुए आम जनमानस को जागरूक किया। इस मौके पर एफएसएसएआई (फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एथारिटी आफ इंडिया) के सहायक आयुक्त मदन मोहन खन्तीवाल ने लोगों को खानपान में सावधानी बरतने का आह्वान किया। देर शाम स्वस्थ्य भारत यात्रा सैदपुर सिधौना होते हुए जनपद वाराणसी के विदा कर दी गई। अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. डीपी सिन्हा ने की। इस मौके पर सहायक आयुक्त खाद्य वाराणसी मण्डल वाराणसी हरिमोहन श्रीवास्तव, अभिहित अधिकारी अजीत कुमार मिश्र, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव सहित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी थे।